<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज

भंवर लाल

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार सेखालां)

सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353319522085061</td><td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>02 / 06 / 26</td><td>अपीलार्थी भंवर लाल निवासी रामदेव नगर, भालू राजवां, तहसील बालेसर, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार सेखालां) द्वारा सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 13.04.2026 मगला पुत्र जोगा के नामान्तरण संख्या 83 के खसरा नम्बर 514 के खाजा नम्बर 22 के पुराने खाता नम्बर 44 के 1/2 हिस्सा ग्राम भालू रामदेव नगर पटवार हल्का भालू राजवा तहसील सेखालां, जोधपुर की प्रतियां उपलब्ध करवाने के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार सेखालां) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार सेखालां) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई।

अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार सेखालां) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(आलोक रंजन)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td><td></td></tr>
</table>

RajKaj Ref No.:
22594198
M e-Sign

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.06.02 11:37:01 IST
Reason: Approved